卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 190 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦17 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कोरोना से चौबीस घंटे में 27 की मौत

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक्टिव केस में फिर उछाल देखने को मिला है। हालांकि, कोरोना के नए मामलों में कल के मुकाबले कमी आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटों में 9,111 नए कोरोना मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से ठीक होने वाले लोगों की संख्या में गिरावट आई है। एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 60,313 हो गई है। एक दिन पहले ये आंकड़ा 57,542 था। कोरोना से मरने वालों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। बीते 24 घंटे में 27 मौतें हुई है, जिसके साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,141 हो गई। कोविड के कुल मामले की बात करें तो संख्या 4.47 करोड़ (4,48,27,226) हो गई है। कोरोना से गुजरात में छह मौत, उत्तर प्रदेश में 4, दिल्ली और राजस्थान में तीन-तीन मौत, महाराष्ट्र में 2 तो बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में एक की मौत हुई है। केरल में कोरोना से तीन लोगों की मौत दर्ज की गई है। कोरोना की दैनिक सकारात्मकता (पॉजिटिविटी) दर भी बढ़कर 8.40 प्रतिशत हो गई और साप्ताहिक सकारात्मकता दर 4.94 प्रतिशत आंकी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में अब कुल संक्रमणों का 0.13 प्रतिशत और राष्ट्रीय कोविड -19 रिकवरी दर 98.68 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड टीके की 220.66 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं।



## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में साथी ने की थी चार जवानों की हत्या

### कड़ी पूछताछ में फौजी ने जुर्म कबूल किया

बठिंडा(उद ब्यूरो)।बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में चार जवानों की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सूत्र बता रहे हैं कि बठिंडा पुलिस ने पांच दिन की कड़ी मेहनत के बाद चार जवानों की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जवानों की हत्या साथी फौजी ने ही की थी। बठिंडा पुलिस ने इस मामले में एक फौजी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दिसाई मोहन के रूप में हुई है। एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना ने बताया कि उक्त घटना के बाद पंजाब पुलिस की टीम जांच कर रही थी। जांच के दौरान जब चश्मदीद गनर दिसाई मोहन से सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपित ने अपना जुर्म कबूला। एसएसपी ने बताया कि आरोपित ने अपने निजी कारणों के कारण चार जवानों की हत्या की। आरोपित ने पहले मिलिट्री स्टेशन से ही राइफल चोरी की और फिर उसी राइफल से चारों पर फायरिंग की। आरोपित ने आपसी रंजिश के कारण वारदात को अंजाम दिया है। बता दें कि देसाई मोहन इस मामले में एकमात्र चश्मदीद था। उसी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचिता किया था कि उसने सफेद कुर्ता- पायजामा पहने दो नकाबपोश व्यक्तियों को अपराध स्थल से भागते हुए देखा। उन्होंने कथित तौर पर फेसमास्क पहने हुए थे और एक के पास इंसास राइफल थी, जबकि दूसरे के हाथ में कुल्हाड़ी थी। हालांकि, जांचकर्ताओं ने कहा कि कैंपस के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया गया है, जिसमें कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई नहीं दिया है। ऐसे में साफ है कि पुलिस को देसाई मोहन पर शक हो रहा था। जब पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल (शेष पृष्ठ सात पर)

## भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। इन दिनों पहाड़ से लेकर मैदानों में जहां चटख धूप के साथ ही तेज गर्मी पड़ रही है। वहीं मौसम विभाग ने 18 से 20 अप्रैल तक तूफान, ओलावृष्टि व बारिश का अलर्ट जारी किया है।खास तौर पर 19 अप्रैल को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते कई दिनों से पहाड़ों व मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना है। चटख धूप खिलने पर तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। इधर मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। कल 18 अप्रैल को (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इधर परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि बाइक पर तीन युवक सुनखरी मार्ग पर जा रहे थे। बाइक ट्रैक्टर ट्राली पर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से तीनों युवकों को एंबुलेंस से उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान ग्राम दहला रोड़ नानकमत्ता निवासी 19 वर्षीय मंदीप सिंह उर्फ राम पुत्र मलकीत सिंह, नानकमत्ता बाजार निवासी 16 वर्षीय अंशुल पुत्र अर्जुन सिंह को मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)




## बिना रेडियम रिफ्लेक्टर के दौड़ रही टैक्टर ट्रालियां

नानकमत्ता। शहर में और हाईवे पर लंबे समय से सड़कों पर दौड़ रहे कई वाहनों, कृषि और व्यावसायिक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं। ट्रॉलियों में बैक लाइट न होने से रात में पीछे चलने वाले लोगों के साथ हादसे की संभावना आए दिन लगीं रहतीं हैं। जबकि अब सीजन में इनकी संख्या बढ़ेगी। रात में ऐसे वाहनों से अधिक दिक्कत (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक के साथ डीएम से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

### पुनर्वास को लेकर वार्ता,जल्द होगी कमेटी की बैठक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों अतिक्रमण की जद से हटाये गये लोहिया मार्किट , समोसा मार्कट सहित फड़ व्यापारियों के पुर्नवास के लिए विधायक शिव अरोरा ने 11 सदस्य व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला अधिकारी युगल



किशोर पंत से मुलाकात की। विधायक शिव अरोरा ने मुलाकात के दौरान कहा कि व्यापारियों को एक माह का समय बीत गया है इनको (शेष पृष्ठ सात पर)

## सत्संग का टैंट हटवाने आई पुलिस के साथ बेहड़ की नोंक-झोंक, धरने पर बैठे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास रिंग रोड़ पर गुरूद्वारे के सामने पार्षद रमेश कालड़ा के सुपुत्र की शादी के उपलक्ष में शाम को आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम के लिए लगाये गये टैंट को हटाने को लेकर पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ की ट्रांजिट कैम्प थाने के एसएचओ सुंदरम शर्मा के साथ तीखी नोंक झोंक हो गयी। विरोध में बेहड़ तमाम समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गये। इस दौरान काफी देर तक हंगामा हुआ। बाद में पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया। जानकारी के अनुसार पार्षद रमेश कालड़ा के पुत्र राहुल का 22 अप्रैल को विवाह होना है। जिसके अंतर्गत आज सायं उनके आवास के समक्ष सत्संग रखा गया है। जिसके लिए मुख्य मार्ग पर एक तरफ शामियाना लगाया गया है। जिसका पता लगने पर गत रात्रि करीब 10 बजे थानाध्यक्ष सुन्दरम शर्मा ने यातायात व्यवस्था के चलते शामियाना हटाने को कहा। इस बात को लेकर दोनों के मध्य कुछ तकरार हुई। सोमवार सुबह पुलिस पुन: शामियाना हटाने के लिए पहुंच गयी। इसकी सूचना पर किच्छा विधायक बेहड़ मौके पर पहुंच गये बेहड़ ने टैंट हटाने का विरोध किया तो पुलिस टैंट हटाने की जिद पर अड़ गयी। पुलिस के इस रवैये के चलते स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद बेहड़ कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। इस दौरान बेहड़ की थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा के साथ तीखी नोंक-झोंक भी हुयी। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने बेहड़ के साथ गलत लहजे में बात की। जिससे कार्यकर्ता भी भड़क गये काफी देर तक मौके पर हंगामा होता रहा। बेहड़ ने थानाध्यक्ष के लहजे पर आपत्ति जताते हुए मामला विधानसभा में उठाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे पुलिस कर्मियों को जनप्रतिनिधियों से बात करने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। जानकारी मिलने पर सीओ ओमप्रकाश भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बेहड़ से वार्ता कर किसी तरह मामले को शांत किया। दोनों पक्षों के मध्य हुई वार्ता के बाद धार्मिक आयोजन के दौरान शामियाना लगाने की अनुमति प्रदान (शेष पृष्ठ सात पर)





## कांता रानी सुखीजा के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक संवेदना का सिलसिला जारी है। गत सांय वरिष्ठ पत्रकारों के साथ ही तमाम सामाजिक लोगों ने निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। बता दें बीती 10 अप्रैल को उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा का लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया था। निधन के बाद से ही श्री सुखीजा के घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा है।



दिवंगत कांता रानी सुखीजा की आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी तेरहवीं का कार्यक्रम 22 अप्रैल दोपहर को पांच मंदिर में होना है। बीती शाम शहर के वरिष्ठ पत्रकार संदीप जुनेजा, मुकेश गुप्ता,अशोक सुखीजा,संदीप कुमार, विजय कुमार,हर्षित कुमार ,संजीव,पुष्कर सिंह,पार्थ पांडे, मनोज कुमार, मनीष कुमार, शुभम, अनीता रानी,मीना सुखीज,विमला रानी, प्रिया गुंबर, चारु पांडे, आनंदी देवी सहित दर्जनों लोगों ने घर पहुंच कर श्रीमती कांता रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

**गदरपुर**- सांध्य दैनिक समाचार पत्र उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर गदरपुर के पत्रकारों ने शोक (शेष पृष्ठ सात पर)

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया स्कूल का उद्घाटन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने धार्मिक स्थल नानकमत्ता साहिब में स्थापित यूनिटी स्कूल का उद्घाटन किया, गुरुद्वारा रोड स्थित यूनिटी स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए अच्छे स्कूलों की आवश्यकता है, क्षेत्र के समाजसेवी हरीश जोशी महेश जोशी, उमेश जोशी के शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भूमिका को आगे लाने के लिए उनकी सराहना की, उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में पुष्कर सिंह धामी सरकार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, सरकार भी डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, लेकिन इसके साथ ही अन्य लोगों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर शिक्षा को नया आकार दें, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा कि क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम का विद्यालय खुलने से यहां के बच्चों को डिजिटल पढ़ाई का लाभ मिलेगा, इस दौरान स्कूल में कई रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, (शेष पृष्ठ सात पर)



# हरिद्वार और ऋषिकेश में पैदल यात्रा करने वाले साधु-संतों का ऑफलाइन पंजीकरण हुआ शुरू

## 15 लाख यात्रियों का पंजीकरण, 50 लाख से ज्यादा यात्रियों के आने की उम्मीद

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में पैदल जाने वाले साधु संतों के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हो गई है। हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण कराने की सुविधा है। बिना पंजीकरण के आने वाले तीर्थयात्री भी ऑफलाइन काउंटर पर पंजीकरण करा सकेंगे। 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के लिए साधु संत पैदल यात्रा करते हैं। ऐसे में उन्हें धामों में कई दिन लग जाते हैं। पर्यटन विभाग ने पैदल यात्रा करने वाले साधुओं के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया है। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधाम यात्रा में इस बार सभी के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है, लेकिन पैदल यात्रा करने वाले वाले सांधु संतों का ऑफलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। इस बार हरिद्वार व ऋषिकेश में ही पंजीकरण के लिए ऑफलाइन काउंटर खुलेंगे। इसके अलावा चारों धामों के यात्रा मार्गों पर पंजीकरण की सुविधा नहीं होगी। चारधाम यात्रा के लिए अब तक लगभग



15 लाख यात्री पंजीकरण हो चुके हैं। 22 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में श्रद्धालुओं में ज्यादा उत्साह है। केदारनाथ धाम के लिए अब तक कुल पंजीकरण की संख्या पांच लाख पार हो चुकी है। मई में बाबा केदार के दर्शन करने के लिए 3.40 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं।कोविड महामारी के कारण 2020 व 2021 में चारधाम यात्रा बाधित रही। दो साल बाद 2022 में तीन मई से चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित हुई। पूरे यात्रा काल में 46 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधामों में दर्शन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस बार भी केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के दर्शनों के लिए तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। इसका अंदाजा चारधाम यात्रा के पंजीकरण और केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग से लगाया जा सकता है। यात्रा शुरू होने में छह दिन शेष है। प्रतिदिन औसतन 30 हजार श्रद्धालु यात्रा के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए अब तक 14.50 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल और बदरीनाथ के 27 अप्रैल को खुलेंगे। मई में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण उपलब्ध है, जिसमें केदारनाथ धाम के लिए 3.40 लाख, बदरीनाथ धाम के लिए 2.92 लाख, यमुनोत्री के लिए 1.52 लाख, गंगोत्री धाम के लिए 1.77 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

# यात्रा पड़ावों पर चहल-पहल शुरू,डीएम ने किया निरीक्षण

उत्तरकाशी /रूद्रप्रयाग। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 22 अप्रैल को खुल रहे हैं। इसके चलते धाम समेत प्रमुख यात्रा पड़ावों पर, चहल-पहल शुरू होने के साथ ही, बाजार सजने लगे हैं। इस बार जिला प्रशासन ने दोनों धाम को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त करने के लिए क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया है। स्थानीय व्यापारियों व कारोबारियों के साथ समन्वय स्थापित कर, पानी, नमकीन, चिप्स के रैपर और कोल्ड ड्रिंक की प्लास्टिक बोतलों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। भटवाड़ी के एस.डी.एम चतर सिंह चौहान ने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस और राजस्व टीमें माल वाहक वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। केवल उन्हीं पानी, कोल्ड ड्रिंक्स की प्लास्टिक बोतलों व प्लास्टिक रैपर में पैक, स्नैक्स को ही ,आगे ले जाने की अनुमति दी जा रही है, जिनमें क्यूआर कोड लगे हैं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दिक्षित ने केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए, संबंधित विभागों को, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी के तहत, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने गौरीकुंड से केदारनाथ मार्ग तक, स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कुंड, गुप्तकाशी से गौरीकुंड तक, सड़क मार्ग का निरीक्षण करते हुए ,अधिशासी अभियंता को मार्ग पर पैच और डामरीकरण के कार्यों में ,तेजी लाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने संबधित विभागीय अधिकारियों को, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



# सीएम ने की कुकड़सारी-भद्रीगाड़ मोटरमार्ग के निर्माण की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नागथात (बिरोड़) जौनपुर टिहरी गढ़वाल स्थित नागदेवता मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने नागथात बिरोड़ मुंगाथात (अणदणा) अषाड़ थात को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने समेत नागथात मन्दिर के प्रांगण के सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण, पुरोला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत डरोगी तक मोटरमार्ग के नव निर्माण, कुकड़सारी-भद्रीगाड़ मोटरमार्ग के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मेलों के संरक्षण और उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने एवं उसके संवर्द्धन हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य के मेले और संस्कृति राज्य तक ही सीमित न रहे इन्हें देश विदेश में पहचान मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक पटल पर हमारी संस्कृति को एक पहचान मिले इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं साथ ही दैवीय स्थानों, पूजा स्थलों, पौराणिक स्थलों को विकसित कर तीर्थाटन और पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में धनोल्टी विधायक श्री प्रीतम सिंह पंवार, राजपुर विधायक श्री खजान दास, पुरोला विधायक श्री दुर्गेश लाल, पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह राणा, डीसीबी अध्यक्ष श्री सुभाष रमोला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा सकलानी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में चुने जाएंगे बॉडीबिल्डिंग मिस्टर इंडिया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। 12वीं राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का हल्द्वानी में आगाज हो गया है जहां देश भर के करीब 400 से अधिक बॉडी बिल्डर खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें 50 से अधिक महिला खिलाड़ी भी शामिल है। बॉडीबिल्डिंग चौंपियनशिप का शुभारंभ कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने किया। मण्डलायुक्त ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कहा कि स्वस्थ जीवन सर्वश्रेष्ठ सम्पत्ति है। मनुष्य को संतुलित आहार के साथ ही नियमित आराम भी करना चाहिए जिससे उत्तम शरीर मे स्वस्थ मन का विकास हो। उत्तम शरीर होने पर ही मनुष्य प्रगतिशील रहेगा व सकरात्मक दिशा में कार्य करेगा। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने राज्य को गोल्ड मेडल दिलाकर प्रदेश का सिर गर्व से ऊंचा करने वाली बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को सम्मानित भी किया। कहा कि उनकी प्रतिभा से उत्तराखंड राज्य को पहली बार महिला बॉडी बिल्डिंग नेशनल चौंपियनशिप में गोल्ड मिला है। प्रतियोगिता में देशभर के 48 सरकारी और गैर सरकारी यूनिट के खिलाड़ी शामिल है। नेशनल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का मेजबानी करने का उत्तराखंड को पहली बार मौका मिला है। प्रतियोगिता इंडियन बोडीबिल्डर्स फेडरेशन और उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही है। पूरे दिन तक चले इस प्रतियोगिता के बाद देर शाम मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डर की घोषणा की जाएगी। मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डर बनने वाले को 500,000 नकद इनाम और ट्रॉफी दिया जाएगा. इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी मिलेंगे। वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस फेडरेशन के महासचिव चेतन ने बताया कि उत्तराखंड में इस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आयोजन होने से यहां के युवाओं को स्पोर्ट्स के प्रति रुझान देखने को मिलेगा। साथ ही आज का युवा अपने फिजिक को लेकर सतर्क रहें नशे से पूरी तरह दूर हो इन्हीं सब उद्देश्य को लेकर इस आयोजन को कराया गया है और उत्तराखंड को इस आयोजन की मेजबानी मिलना बेहद गर्व की बात है कि पूरे देश से विभिन्न प्रांतों से यहां बॉडीबिल्डर आए हैं इन सभी प्रतिभागियों को देखकर यहां के युवा भी बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स की तरफ अपना रुख करेंगे, यही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भी है।



# ग्लोबल मैकेंजी कंपनी का फार्मूला राज्यहित में नहीं : हरदा

## पूर्व सीएम फेसबुक पोस्ट में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के फार्मूले से की धामी सरकार की तुलना

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ग्लोबल मैकेंजी कंपनी के सुझावों पर काम करने को लेकर प्रदेश की धामी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि यह ठीक वैसा ही है, जैसा लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे की जमीनों को बेचकर भारतीय रेलवे को मुनाफे में ला दिया था। बाद रेलवे को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़े थे। उन्होंने कहा कि यह फार्मूला राज्यहित में नहीं है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम हरदा ने लिखा है ,अप्रिय तुलना के लिए क्षमा! यूं भाजपा, आदरणीय लालू जी के लिए कुछ भी कहे, मगर उनके मुख्यमंत्रीगण राज्य की आय बढ़ाने के लिए उनके फार्मूले पर काम कर रहे हैं। लालू जी ने रेलवे की अतिरिक्त जमीनों को बेचा और रेलवे को मुनाफे में लाए। चाहे बाद में उसका दुष्परिणाम रेलवे को भुगतना पड़ा हो! ग्लोबल मैकेंजी के सुझावों पर उत्तराखंड में भी यही हो रहा है। हाईकोर्ट की वर्तमान बिल्डिंग बिकेगी, कोई पूंजीपति उसका उपयोग करेगा। नैनीताल को उसका लाभ होगा या नहीं होगा, मगर हल्द्वानी जहां नया हाईकोर्ट बनेगा उसका कंजेशन जरूर बढ़ जाएगा। हल्द्वानी का चोक होने का मतलब है, पूरा कुमाऊं अंचल चोक! पूरी श्वास नली कुमाऊं अंचल की बंद हो जाएगी। देहरादून में भी सरकारी कार्यालयों की संपत्तियों को बेचकर रायपुर में नया कॉन्प्लेक्स बनाया जा रहा है, रायपुर अर्थात देहरादून। पहले से ही विकास के रास्ते पर अग्रसर टाउनशिप के अतिरिक्त कोई नया टाउनशिप नहीं बन रहा है! इन परिसंपत्तियों के बेचने से प्राप्त मूल्य का सदुपयोग तो तब होता, जब इसकी आमदनी से राज्य के अंदर दो-तीन दर्जन नये ग्रोथ सेंटर बनते और राज्य भर में बनते, अलग-अलग क्षेत्रों में बनते, यहां के रायपुर की तुलना आप छत्तीसगढ़ के नये रायपुर से नहीं कर सकते हैं! छत्तीसगढ़ में नया रायपुर हजारों एकड़ भूमि में बन रहा है और हम एक मुट्ठी भर भूमि में रायपुर में सारे सरकारी कार्यालयों, सचिवालय, विधानसभा आदि को सीमित कर देना चाहते हैं, ताकि देहरादून के आवागमन का सारा रास्ता चोक हो जाए और देहरादून पहले से भी ज्यादा समस्या ग्रस्त हो जाए! हां कुछ प्राइम प्रॉपर्टीज को बेचने से राज्य के कोष में एक बड़ी धनराशि जरूर आ जाएगी। मुझे उम्मीद है कि हमारे बहुत सारे विवेकशील लोगों ने जरूर इस संभावना पर विचार किया होगा! जब हम स्मार्ट देहरादून की बात कर रहे थे तो वह टी बागान एरिया में था, जबकि रायपुर पहले से ही देहरादून का एक हिस्सा है! आप वहां कोई नया देहरादून नहीं बना रहे हैं? बल्कि देहरादून के कंजेशन के कारण मानकर के कुछ सरकारी कार्यालयों को वहां बसा रहे हैं, ऐसा करने से देहरादून का बाया बाजू पूरे तरीके से समस्या ग्रस्त हो जाएगा, उसका असर शेष देहरादून पर भी पड़ेगा। जो लोग मेरी इस टिप्पणी से सहमत हों, वो चाहें तो मुझसे बात कर मेरा मार्गदर्शन कर सकते हैं!

# नशे के सौदागर को पुलिस ने गिरफ्तार किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर पुलिस ने 4.80 ग्राम अवैध स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने अपनी पुलिस टीम के साथ नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के खिलाफ संघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक स्मैक का कारोबार करने जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कांबिंग अभियान चलाया। पुलिस ने ग्राम विचाई रन साली जंगल के जाने वाले मार्ग से घेराबंदी कर अवैध रूप से स्मैक का कारोबार करने जा रहे हैं आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की कब्जे से 4,80 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस को आरोपी ने अपना नाम ग्राम विचाई निवासी कमलजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह बताया। इधर थानाध्यक्ष केंद्र गौरव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरगलिया थाना सहित 9 मुकदमे दर्ज हैं। इधर पुलिस आरोपियों का इतिहास खंगालने में जुट गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव,एस आई दीवान सिंह बिष्ट, एस आई शंकर सिंह बिष्ट, प्रवीण कुमार, नवीन जोशी, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को दो अलग अलग ज्ञापन सौंपे। जिसमे कहा गया है कि नगर में मठ मंदिर आदि धर्म स्थानों के समीप बहुत सारी मीट मछली अंडा की दुकानें खुल गई हैं। जिससे हिंदू समाज में रोष उत्पन्न हो रहा है। जबकि न्यायालय के आदेश अनुसार धार्मिक स्थलों से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही यह दुकानें खुल सकती हैं। हिंदू जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इन दुकानों को अति शीघ्र वहां से हटाने का आग्रह किया गया। वहीं अन्य ज्ञापन में कहा गया है रुद्रपुर नगर के पहाड़गंज क्षेत्र में सरकारी भूमि पर एक मदरसा संचालित किया जा रहा है। जोकि कानूनन रूप से अवैध है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इसका विरोध करता है।उक्त विषय को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर अवैध रूप से सरकारी भूमि पर संचालित हो नरहे इस मदरसे को तत्काल प्रभाव से बंद करने और संचालकों के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन



देने वालों में कुवंर विश्वेंद्र सिंह जिला धर्म प्रसार प्रमुख, वीरेंद्र सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, जोगेंद्र सिंह चौहान नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद, हैप्पी चौहान नगर संयोजक बजरंग दल, सुधीर देओल, मनीष रघुवंशी, सुदेव दास गुप्ता, मनीष कश्यप, राकेश कश्यप, पुनीत पाल, शुभम पाल, अजय पाल, शिव शंकर गुप्ता, अभिषेक तिवारी, समर्थ मिश्रा, अनमोल गंगवार, अजय अग्रवाल, सतीश मौर्य, बंटी राजोरिया आदि शामिल थे।

# जिला अस्पताल में कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एलबेंडाजोल दवा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घघाटन जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय में पीएमएस डाक्टर राजेश कुमार सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल मैनेजर डॉक्टर अजयवीर सिंह, नर्सिंग अधीक्षीका श्रीमती मंजू खेड़ा, श्रीमती नीलम डोगरा, आमिर खान, हेम पंत, डोरी सिंह, कल्पना आदि उपस्थित थे। आज सम्पूर्ण क्षेत्र में 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चे एवं किशोर किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा अल्बेंडाजोल खिलाई गई। जो बच्चे आज दवाई खाने से छूट जाएंगे उन्हें आगामी 20 अप्रैल को माप अप दिवस पर अल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। यह दवाई समस्त सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्था, मदरसों में शिक्षक, एएनएम,आशा फैसिलिटेटर एवं आंगनवाडी वर्कर द्वारा खिलाई गई। इस दवाई को खाने से बच्चों के पेट के कीड़े मर जाएंगे और उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# अग्निकाण्ड पीड़ित परिवारों को बांटी आर्थिक सहायता

काशीपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक एवं द ब्रस्टीज चेरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी हरभजन सिंह चीमा ने विगत 6 अप्रैल को विशालनगर जसपुर खुर्द काशीपुर में हुए अग्निकाण्ड पीड़ित चार परिवारों को दस-दस हजार रूपये प्रति परिवार आर्थिक सहायता के चैक वितरित किये। श्री चीमा ने बताया कि आग लगने



से महेन्द्र सिंह, सुभाष, जितेन्द्र सिंह एवं वीरन पाल पुत्रगण जमुना प्रसाद के परिवारों का सारा सामान सहित खाद्य सामग्री जल चुका था जिससे उनके सामने रोटी का संकट पैदा हो गया था इसके लिए इन परिवारों को प्रारम्भिक राहत देते हुए उन्हें सहायता राशि दी गई। श्री चीमा ने कहा कि संकट में जरूरतमंद परिवार को आर्थिक तंगी के समय जो भी राशि मिल जाए उससे उसको थोड़ा सहारा जरूर मिलता है । उन्होंने यह भी कहा है कि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के. द्वारा भी पीड़ित परिवारों को सरकार के स्तर से भी हर सम्भव आर्थिक सहायता दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा ।

# पूर्णागिरी धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 36 घास मंडी से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की दो बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल व पार्षद रंजीत सागर ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की



आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले में तराई से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर सूरज आर्य ,सोनू सागर ,कपिल सागर,राजकुमार सागर,संजय सागर,राजू सागर,धर्मेन्द्र सागर ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर कृमिनाशक दवा वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गदरपुर ब्लॉक के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को एल्बेंडाजोल कृमिनाशक गोलियों का वितरण करवाया गया। ग्राम करतारपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ती रेखा रानी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज और मीडिया कर्मी देवेंद्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य रक्षा के गुर बताते हुए विभिन्न प्रकार की सब्जियों एवं फलों के सेवन से स्वास्थ्य रक्षा के बारे में जानकारियां प्रदान की गई इस अवसर पर फल वितरण करके बच्चों को नियमानुसार अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जागरूक किया स इस मौके पर सहायिका सुनीता रानी,सविता, मनजीत सिंह,काला सिंह,अनूप सिंह,सुनीता रानी,शौर्य,सौरभ, मोनिका,मन्नत,घनश्याम,अंश, छिदरा,सिमरन, काजल,आकांक्षा,गुनगुन, अफसाना,निर्मला,राशि,सीमा, पूनम,पिंकी, सुषमा आदि मौजूद रहे।

# रंजिशन युवक पर जानलेवा हमला

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। टैगोर नगर निवासी युवक पर पूर्व सभासद के पुत्र ने साथियों साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार टैगोर नगर निवासी सूजन राय सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम मेले में घूमने गया था। मेले में पांच -छह युवकों ने सूजन राय पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सूजन को सिर पर गंभीर चोट लगी है। आनन फानन में सूजन को उनके परिजनों द्वारा उपचार हेतु सितारगंज के सी एच सी ले जाया गया। सूजन राय के पिता सुमंत राय ने अपने बेटे के मेडिकल जाँच कराने के बाद शक्तिफार्म चौकी में तहरीर दे कर चौकी प्रभारी से आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की। तहरीर में कहा गया कि दो माह पूर्व एक शादी के प्रोग्राम में डीजे बज रहा था कि डांस के दौरान अंकित सरकार पुत्र मंटू सरकार निवासी सुरेंन्द्र नगर को धक्का लग गया। इस कारण कुछ दिन पहले अंकित उसके घर आया और सूजन राय को धमकी देकर गया, कि तुझे जान से मार दूँगा । सूजन राय बीती शाम सुरेंद्र नगर मेले में गया था तो अंकित सरकार व उसके अन्य साथियों ने मिलकर बेटे को घेर लिया और जानलेवा हमला कर दिया। बेटे का सिर कई जगह से फट गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर गुम चौटे आयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# ईद उल-फितर पर्व को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीओ सिटी भूपेंद्र सिंह धौनी द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी ईद-उल-फितर पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने बनभूलपुरा क्षेत्र की स्थानीय जनता एवं राजनैतिक पदाधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ वार्ता की। बैठक में उपस्थित जनता से सुझाव जाने तथा सभी के साथ विचार विमर्श कर आपस में सहयोग व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की। बैठक के दौरान नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा समेत थाना पुलिस बल तथा अमन कमेटी के पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# श्याम सकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के बुधबाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में विगत रात्रि श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में किया गया। विगत वर्ष आज के ही दिन श्री श्याम खाटू वाले के भव्य आलौकिक छवि को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा गदरपुर धाम लाया गया था जिसके चलते बाबा श्याम के गदरपुर आगमन के रूप में जन्मोत्सव मनाया जाता है।इसी उपलक्ष में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में सकीर्तन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। संकीर्तन का शुभरम्भ श्री श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक अमन सांवरिया द्वारा किया गया।संकीर्तन में एक के बाद एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति से जहां एक ओर श्याम प्रेमी मन्त्रमुग्द हुए तो वही दूसरी ओर नाचने झूमने पर मजबूर हो गए। श्याम सकीर्तन में भाजपा के जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा व क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के सुपुत्र अतुल पांडेय सहित नगर के गणमान्य लोगों ने श्याम चरण में माथा टेका। इतना ही नही श्याम प्रेमियों के उत्साह और भक्ति भाव को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गुजन सुखीजा भी अपने आप को रोक नही पाए और श्याम भक्ति में लीन होकर झूमते नाचते नजर आए।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने श्याम मित्र मंडल के सभी सेवादारों को सफल आयोजन की बधाई दी। वही श्याम मित्र मंडल के प्रधान विजय अनेजा व श्याम प्रेमियों द्वारा सकीर्तन में आये गणमान्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया।जो राम को लाये है हम उनको लाएंगे,मेरा भोला है भंडारी, भक्ति भाव से सजाया ये निशान सावरे सहित बहुत से भजनों का गुणगान अमन सावरिया द्वारा किया गया। इस दौरान कपिल गंडा विजय अनेजा, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, मनीष फुटेला, कुनाल गुम्बर, केशव गुम्बर, गोल्डी गाबा, गोल्डी गगनेजा,सन्टी कालड़ा,कपिल चंद्रा, राहुल चंद्रा, यशपाल गुम्बर,समन मुंजाल, गुड्डू भाई,निखिल मुंजाल,रजत गाबा, सचिन गाबा, देव चौधरी, महक चौधरी,यश कालड़ा,शोभित हुड़िया,रोबिन फुटेला,सार्थक सुखीजा,रोहित कम्बोज, साहिल नारंग,विक्की मारवा, नितिन मुंजाल,परमजीत सिंह पम्मा,राजू सिंधी,गौरव सिंधी,सन्दीप बत्रा,कपिल अरोरा,कुनाल रस्तोगी, कृष्णा दुबे,सचिन पाल, रवि पाल,गौरव बत्रा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने श्याम चरण में माथा टेका।।







## आग लगने से गेहूं की 12 एकड़ फसल हुई राख

गदरपुर(उद संवाददाता)। रविवार को अचानक थाना क्षेत्र के ग्राम बकेनिया में कंबाइन से कट रही गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई और अफरा तफरी का माहौल हो गया देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 12 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया किसी तरह ग्रामीणों की सूझबूझ ने ट्रैक्टर में हैरो लगाकर आसपास के खेत में जुताई चालू करी और ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया संभावना जताई जा रही है कि आग फैलने का कारण कंबाइन है सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौके पर आ पहुंची थी तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था ग्रामीणों का आरोप है कि कंबाइन के कारण ही गेहूं की फसल में आग लगी है। गुस्साए ग्रामीणों ने कंबाइन को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पर राजस्व विभाग के उपनिरीक्षक अरुण चौहान ने नुकसान का आकलन करते हुए घटना की जानकारी ली। रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम बकेनिया में कंबाइन से गेहूं फसल की कटाई के दौरान अचानक आग लग



गई। जिससे खेत स्वामियों में हड़कंप मच गया। ग्रामवासी जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग ने देखते ही देखते आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे गेहूं की तैयार खड़ी फसल धू धू कर जलने लगी। आग की सूचना मिलने पर प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह दमकल के वाहन को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। परंतु तब तक देर हो चुकी थी आग से करीब खेतों में खड़ी करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। दमकल के वाहन के पहुंचने से पूर्व ही ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा चुका था। आग से कनकटा निवासी गगन पुत्र जोगा सिंह की 4 एकड़, सकेनिया के पुरन चंद्र पुत्र महंगा राम की ढाई एकड़, बब्बू पुत्र किशन की 4 एकड़, सुरेश पुत्र चंबा राम की ढाई एकड़ के अलावा बकेनिया के रमेश की आधा एकड़ गेहूं की फसल नष्ट हो गई। संभावना जताई जा रही है कि कंबाइन से खेतों में फसल की कटाई के दौरान आग लगी है। आग लगने से खेत स्वामियों को लाखों रुपए के नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

## भारत लोक शिक्षा परिषद ने किया मालधन चौड़ में ग्राम यात्रा का आयोजन

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संभाग के अंचल उधम सिंह नगर के संच मालधन चौड़ में भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर के माध्यम से वनयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, रामनगर के वरिष्ठ व्यवसायी सम्मिलित हुए । सर्वप्रथम वनयात्रा की टीम लोक सांस्कृतिक मंच ब्लॉक में विचार गोष्ठी के लिए उपस्थित हुए। जिसमें ग्राम वासियों से परिचय व वार्तालाप किया गया। उसके उपरांत शिवनाथपुर भनाड़ी में विद्यालय में सम्मिलित हुए। जहां ग्रामवासियों ने बड़े ही उत्साह से वनयात्रियों का तिलक, माला से स्वागत किया। उसके उपरांत विद्यालय का शुभारंभ दीप उपस्थित मातृ शक्ति द्वारा प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय आचार्य द्वारा संस्कार पक्ष, सामान्य ज्ञान, खेल गीत, कहानी, योग के माध्यम से संचालित किया गया। उसके उपरांत ग्राम परिवार में भोजन कर वनयात्रा का समापन किया गया। इस ग्राम यात्रा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल, भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, श्रीमती नीतू अग्रवाल, काशी विश्वनाथ टैक्सटाइल मिल काशीपुर के योगेश जिंदल, शैलेंद्र मोहन सिंघल, विनीत संगल सीएमडी सिद्धार्थ पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड काशीपुर, रमेश मिड्डा सीएमडी होटल रूद्रा रूद्रपुर, आलोक इंडस्ट्रीज काशीपुर, हरीश बजाज सम्भाग अध्यक्ष, शैली बंसल सम्भाग उपाध्यक्ष, राकेश सिंह भाग संगठन सचिव, अरविन्द कन्नौजिया प्रभाग ग्राम स्वराज योजना






गोयल,शिव एग्रो सीड्स कारपोरेशन जसपुर, मयंक अग्रवाल जीएमडी नैनी पेपर्स लिमिटेड काशीपुर, पुष्पेंद्र मोहन सिंघल सीएमडी शिवहरि प्लाईवुड प्रमुख, अमित श्रीवास्तव केन्द्रीय प्रमुख भजन संध्या टोली, कुलवीर सिंह सम्भाग अभियान प्रमुख, संभाग टीम अंचल टीम आदि उपस्थित रहे।

## निर्धन बेटी की शादी में समाजसेवियों ने की मदद


नानकमत्ता(उद संवादददाता)। मां- बाप का सपना होता है कि उसकी बेटी की डोली धूमधाम से उठे, लेकिन गरीबी परिस्थिति के कारण यह संभव




नहीं हो पाता। ऐसी गरीब बेटियों की शादी के लिए भारत विकास परिषद के समाजसेवी मदद कर रहे हैं। नगला गांव में एक गरीब की बेटी की शादी रविवार को धूमधाम से हुई, विवाह का पूरा खर्च भारत विकास परिषद ने उठाया। भारत विकास परिषद शाखा नानकमत्ता के सहयोग से नगला गांव की एक निर्धन परिवार की गरीब कन्या की शादी करायी गयी। इस दौरान शादी में सभी जरुरत का सामान प्रधान किया गया। शादी समारोह में बाराती, व घराती के खाने की सामग्री , फल मीठा ,कपड़ा इत्यादि समान का सहयोग भी किया गया। भारत विकास परिषद की शाखा की तरफ से समय-समय पर निर्धन कन्याओं की शादी के साथ ही गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए कदम भी उठाए जाते हैं। भारत विकास परिषद के समाजसेवियों के द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह में मदद के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। शादी में भोजन से लेकर तमाम इंतजाम किए गए। भारत विकास परिषद के समाजसेवियों ने निर्धन परिवार की कन्या को आशीर्वाद भी दिया। पंडित जी ने मंत्र पढ़ा और इसी के साथ वर वधू विधि विधान के साथ प्रणाम सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर आशीर्वाद देने वालों में प्रांतीय संयोजक उमेश अग्रवाल , अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल , पियूष गुप्ता, ज्ञानेंद्र तिवारी , सूरज सक्सेना , सुनील गर्ग , रंजीत सिंह, विराट गोयल सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

## प्रियंका, सरिता व राहुल ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मोतीराम बाबूराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तीन छात्र छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के हिंदी विभाग की शोध छात्रा प्रियंका बिष्ट व सरिता ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं, एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र राहुल डंगवाल ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए तीनों विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभा पंत, डॉ. अनीता जोशी, डॉ. चंद्रा खत्री, डॉ. दीपा गोवाडी, डॉ. आशा हरबोला, डॉ. जगदीश जोशी, डॉ. जयश्री भंडारी आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।







## खेलों के माध्यम से बच्चे होंगे नशे से दूर: भट्ट

### तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यदि बच्चों को खेलों के प्रति निरंतर प्रोत्साहित किया जाए तो निश्चित रूप से बच्चे नशे जैसी बुराई से दूर होंगे। यह बात केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने यहां मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय उत्तराखंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के पश्चात अपने संबोधन में कही। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से सैकड़ों प्रतिभागी अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभाग कर रहे हैं। श्री भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 के प्रतियोगिता की शुरुआत की। श्री भट्ट ने कहा कि खेल एकमात्र ऐसा माध्यम है जो बच्चों को नशे से दूर रख सकता है और खेल एकाग्रता की ओर ले जाता है। जिससे खेल से जुड़े रहने वाले बच्चों में हमेशा आगे बढ़ने की ललक जगी रहती है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक पूर्व राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्मय रावत को बधाई और शुभकामनाएं दी। जिसके पश्चात श्री भट्ट ने हल्द्वानी स्टेडियम में ही स्पोर्ट्स की बेहतर व्यवस्था खिलाड़ियों को उपलब्ध हो इस



दृष्टिगत 477 लाख के चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता की हीला हवाली नहीं बर्दाश्त की जाएगी। श्री भट्ट ने कहा कि वह आगे फिर इस निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। श्री भट्ट ने तय समय पर स्टेडियम के निर्माण कार्य को पूरा करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सहायक खेल निदेशक सुरेश पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी राशिका सिद्दीकी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर जोगेन्द्र रौतेला, तन्मय , प्रताप रैकवाल सहित दर्जनों लोग व विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी मौजूद थे।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरक: कोविंद

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी द्वारा 'विधान एवं संविधान माह' के अंतर्गत 'रिपब्लिकन एथिक: थ्रू डॉ0 बी0 आर0 अंबेडकर' विषय पर आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ लॉ एंड एडमिनिस्ट्रेशन और डिस्ट्रिक गवर्नेंस एंड फील्ड एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारियों ने उक्त दोनों सेंटरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरक है। लोक सेवकों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने अछूतों व दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। बाबा साहेब भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि लोक सेवकों के रूप में, अपने जिलों में अच्छा प्रशासन विकसित करने के लिए संविधान से समावेशी विशेषताओं को समझना और लागू करना आवश्यक है। उन्होंने कहा की सिविल सेवकों को, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों और जातीय अल्पसंख्यकों जैसे उपेक्षित समूहों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए। यह जुड़ाव उनकी जरूरतों और चुनौतियों में अंतरदृष्टि प्रदान करेगा और सिविल सेवकों को ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करने में मदद करेगा जो उनकी जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हों। राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित 'विधान और संविधान माह' कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधान और संविधान की गहरी जानकारी सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए बहुत आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि यह तो हम सब जानते हैं कि डॉ0 अंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष थे और साथ ही स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी रह चुके हैं, विधान और संविधान के विषय की सबसे सटीक जानकारी उन्हीं के पास है। और हम सब भाग्यशाली हैं कि इस विषय पर आज हम पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के विचारों को सुना।राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का स्वागत करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए आदर्श है, मुझे भारत के राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखने का सौभाग्य मिला। राज्यपाल ने कहा कि जब हम भारतीय संविधान की बात करते हैं, तो हम सुशासन के साथ-साथ भारत के नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों का भी उल्लेख कर रहे हैं। हमारे मौलिक अधिकार, हमारे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता, शिक्षा का अधिकार हमारे लिए, एक भारत बनाने के लिए सभी दिशानिर्देश हैं। लोक सेवकों के रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए आप सभी पर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि हम सभी उस लक्ष्य के लिए प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हमारी जी-20 की अध्यक्षता सार्वभौमिक रूप से स्वीकार की जा रही है क्योंकि हमने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर इस वर्ष जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर रखा है। राज्यपाल ने कहा कि 21 वीं सदी का सबसे बड़ा लक्ष्य भारत का एक आधुनिक भारत, एक आत्मनिर्भर भारत बनना है। जिसमें आप सभी लोक सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है। सेमिनार में श्रीमती सविता कोविंद, अकादमी के निदेशक श्रीनिवास आर0 कटिकिथाला, संयुक्त निदेशक श्रीमती सौजन्या सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# पिथौरागढ़ के 21 गांव वाइब्रेंट विलेज के रूप में होंगे विकसित: अजय टम्टा

## गुंजी गांव में 100 फीट लंबे तिरंगे झंडे का लोकार्पण किया

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद के सीमांत गांव गुंजी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का अपरिहार्य कारणों से जनपद भ्रमण कार्यक्रम निरस्त हो जाने के पश्चात सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में गुंजी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम सासंद अजय टम्टा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात चीन सीम पर स्थित गुंजी गांव में 100 फीट लंबे तिरंगे झंडे का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सीमा पर स्थित गांव अंतिम गांव को प्रथम गांव के रूप में जाना जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत जनपद पिथौरागढ़ के 21 गांव वाइब्रेंट विलेज के रूप में विकसित किए जाएंगे। जिनमें से प्रथम वाइब्रेंट विलेज के रूप में गुंजी गांव का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत कुटी, नाभि, नपल्च्यु गांव को भी शामिल किया गया है। सांसद अजय टम्टा ने ओम पर्वत के दर्शन किए इसके बाद उन्होंने काली नदी के उदगम स्थल कालापानी मंदिर के दर्शन किए। व्यास घाटी के ग्रामीणों द्वारा सांसद श्री टम्टा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने शिव वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान डीएम रीना जोशी ने लघेगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुंजी गांव में मोबाइल टावर लगाने के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। जल्द मोबाइल टावर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना में कुटी, नाभी, नपलच्यू गांव को भी वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमांत में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए इन गांवों को विकसित किया जा रहा है। गांवों के विकसित होने के बाद पलायन पर रोक लगेगी। साथ ही लोगों को आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखने के लिए काफी संघर्ष किया है। उन्होंने बताया कि 56 करोड़ 68 लाख रुपये से सीमांत के गांव को विकसित किया जाएगा। गुंजी में इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके अलावा ट्रेकिंग रूटों का निर्माण कार्य किया जाएगा। कैलाश म्यूजियम बनाया जाएगा जिसके माध्यम से सीमांत की संस्कृति, परिधान, वेषभूषा को संरक्षित किया जाएगा। सोलर प्लांट, सेब के बगीचे, कीवी, सिटरस फल आदि के बाग विकसित किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी साथ ही जड़ी बूटी के उत्पादन को बढ़ावा देकर लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। सांसद अजय टम्टा ने इस अवसर पर उपस्थित जिलाधिकारी रीना जोशी सहित समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों का गुंजी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु आभार प्रकट किया। इस मौके पर अशोक सिंह नबियाल, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वरी देवी, रूकुम सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह बुदियाल, एसएसबी के कमाडेंट एके शरण, सीडीओ वरूण चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।










# उत्तराखंड पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट

गदरपुर(उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि उत्तर प्रदेश में मेडिकल को ले जा रहे लोगों की हत्या की घटना को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी ने अपील की है उत्तराखंड में सब कुछ सही है वहां का प्रशासन अपने स्तर पर कार्यवाही कर रहा है। उन्होंने अफवाहों से बचने फेक वीडियो, फेक फोटो या किसी तरह के भड़काऊ पोस्ट जिससे किसी भी धार्मिक आस्था या व्यक्ति की छवि धूमिल हो सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट करने से बचें।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिलाअध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर ओबीसी मोर्चा मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा की नीतियों से आम जनमानस को अवगत कराते हुए सेवा कार्यों में जुटने का आह्वान किया उनके द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मंत्री जीतू गुप्ता एवं तरुण जाट, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष रवि सैनी ,उपाध्यक्ष राकेश तोमर ,मंत्री प्रेम सिंह सैनी, महामंत्री अमित सैनी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विपुल कुमार का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर मंडी अध्यक्ष सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर,मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,महामंत्री अनिल शर्मा, महामंत्री अभिषेक वर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, पंकज सेतिया ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# आम आदमी पार्टी ने किया केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीबीआई द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने दफ्तर में आने के लिए समन जारी करने के विरोध में बुद्ध पार्क तिकोनिया में आम आदमी पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निन्दा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश संगठन सचिव समित टिक्कू ने कहा कि यह निश्चित ही अरविंद केजरीवाल को सिर्फ परेशान करने की एक साजिश है। नरेंद्र मोदी सरकार आम आदमी पार्टी की बड़ती लोकप्रियता और निरंतर बढ़ते हुए कुनबे को देखकर आने वाले समय में अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी समझ रही है। इसके चलते आम आदमी पार्टी के लोगो को परेशान कर रही है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू तिवारी, प्रदेश संगठन सचिव समित टिक्कू , प्रदेश संगठन सचिव चंदशेखर पांडेय, जिला अध्यक्ष राजीव लोचन, जिला महासचिव संगठन देवेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष राकेश भट्ट, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा हर्ष सिरोही, श्रीकांत खंडेलवाल, दीपक पांडे, संजय कश्यप सूरज कुमार, अब्दुल कादिर, पंकज कुमार, दीप प्रकाश, गोपाल बिष्ट, मोहिनी देवी, विमला बिष्ट, नीमा, सुमन, नंदी देवी, पुष्पा, प्रेमा देवी, सुषमा , मनोज, काशी, प्रमोद आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।




## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बदमाशों के हौसले

अतीक अहमद लगातार कहता आ रहा था कि उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ दिखा कर उसकी हत्या करना चाहती है। कुख्यात अपराधी अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस घेरे में हत्या को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। दो दिन पहले ही अतीक के बेटे और उसके एक साथी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। अतीक और उसके भाई को शनिवार को प्रयागराज के एक अस्पताल में चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया था। वहीं पत्रकार बन कर आए तीन बदमाशों ने दनादन गोलियां चलाईं और दोनों की हत्या कर दी। फिर तीनों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह सब इतना जल्दी हुआ कि जैसे पुलिस भी हरकत में नहीं आ सकी। पहले ही अतीक के बेटे की मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर विपक्ष योगी सरकार पर निशाना साध रहा था, अतीक की हत्या के बाद वह और तीखा आक्रमण कर रहा है। यह समझना मुश्किल है कि क्या वजह है कि जब उत्तर प्रदेश पुलिस बदमाशों के खिलाफ इतनी सख्ती बरत रही है, तब भी बदमाशों के हौसले पस्त नहीं पड़ रहे। वहां बदमाश इतने बेखौफ क्यों हो गए हैं कि पुलिस घेरे के बीच घुस कर दनादन गोलियां चला कर दो कैदियों को मार डालते हैं। क्या इससे यह जाहिर नहीं होता कि उत्तर प्रदेश पुलिस चुनिंदा अपराधियों के खिलाफ ही सख्ती बरत और अपनी बहादुरी का प्रदर्शन कर रही है। अतीक अहमद लगातार कहता आ रहा था कि उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ दिखा कर उसकी हत्या करना चाहती है। अपनी सुरक्षा की गुहार उसने सर्वोच्च न्यायालय में भी लगाई थी, जब उत्तर प्रदेश पुलिस उसे गुजरात से प्रयागराज लाना चाहती थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को उसे कैमरे की नजर में रखने और लाने-ले जाने का निर्देश दिया था। वैसे भी मुठभेड़ को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट दिशा-निर्देश है, जिसमें मुठभेड़ में शामिल लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करानी पड़ती है। फिर जब अतीक ने सर्वोच्च न्यायालय में पहले ही अपनी हत्या की आशंका जाहिर कर दी थी, तो उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ जैसी किसी भी स्थिति को लेकर सतर्क थी। ऐसे में विपक्षी दलों के इस आरोप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पुलिस ने चिकित्सीय जांच के लिए ले जाते वक्त जानबूझ कर लापरवाही बरती। क्या वजह है कि बदमाशों पर पुलिस की तरफ से एक भी गोली नहीं चलाई गई। पुलिस ने किस भरोसे के साथ मीडिया कर्मियों को अतीक और उसके भाई के बिल्कुल करीब तक जाने दिया। क्या वह भूल गई थी कि अतीक कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि कुख्यात बदमाश है। ऐसे लोगों के बहुत सारे दुश्मन हो सकते हैं, जो ऐसे मौकों का लाभ उठा सकते हैं। दरअसल अतीक और उसके भाई की हत्या के बाद इसलिए भी उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला हो रहा है कि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी अपराध करेगा, उसे 'ठोक' दिया जाएगा। अब तक योगी के शासन काल में पांच हजार से अधिक मुठभेड़ें हो चुकी हैं, जिनमें एक सौ अस्सी से अधिक 'बदमाशों' को मार गिराया गया है। इस तरह बहुत सारे मामलों में न्यायालयों से बाहर उत्तर प्रदेश पुलिस खुद 'इंसाफ' कर चुकी है। पुलिस की कुशलता इस बात में मानी जाती है कि वह अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराने के बजाय उन्हें पकड़ा कर न्यायालय के समक्ष पेश करे। अगर ऐसा नहीं होता, तो इससे एक तरह से हाथ के बदले हाथ और आंख के बदले आंख वाली प्रवृत्ति को ही बढ़ावा मिलता है।

# बाघ का आतंक: कई गांवों में लगा कर्फ्यू स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र रहेंगे बंद

पौड़ी। पौड़ी गढ़वाल जिला प्रशासन ने जिले में बाघ के आतंक को देखते हुए रिखणीखाल व धूमाकोट तहसील के दर्जनों गांवों में शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लगा दिया है। इसके अलावा 17 और 18 अप्रैल को इन दोनों तहसीलों के स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। डीएम पौड़ी आशीष चौहान ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। रिखणीखाल ब्लाक के ग्रामपंचायत मेलधार के डल्ला गांव में गत दो दिन पहले बाघ के हमले में हुए वृद्ध की मौत के बाद वन विभाग ने हमलावर गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगा दिया है। रविवार को आसपास के क्षेत्र में ड्रोन उड़ाया गया, जिसमें पडियारपाणी गांव में भी एक बाघ की मूवमेंट कैमरे में कैद हुई है।ग्राम पंचायत मेलधार के प्रधान खुशेंद्र सिंह ने बताया कि बाघ के हमले में वृद्ध की मौत के बाद आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। हालांकि वन विभाग के कर्मी बंदूकों के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित गांव के रास्तों में प्रकाश की व्यवस्था



करने के लिए 10 स्ट्रीट लाइटें दी गई हैं। जो कि रविवार को जुई गांव पहुंच गई है। स्टीट लाइटों को प्रभावित गांव तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि हमलावर बाघ को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगा दिया गया है। रविवार को बाघों की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में ड्रोन उड़ाया गया, जिसमें पडियार पाणी गांव में भी एक बाघ की मूवमेंट नजर आई है।जिला प्रशासन के आदेश के बाद शनिवार को स्कूल बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब सोमवार से क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल खुलने हैं। ऐसे में अभिभावकों में अपने पाल्यों को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्राम प्रधान खुशेंद्र सिंह ने बताया कि अभी हमलावर बाघ नहीं पकड़ा गया है और बाघ की मूवमेंट गांव के आसपास लगातार बनी हुई है। बाघ की सक्रियता को देखते हुए जिला प्रशासन से राप्रावि डल्ला, जुई, दियोढ, गाड़ियोंपुल, मेलधार, रजबो, द्वारी पैनों, छड़ियान, नावे तल्ली, चिलाउ एवं राउप्राविं मेलधार, सिलगांव और राजकीय हाईस्कूल गाड़ियोंपुल, जीआईसी पैनों, राप्राविं कांडा राजकीय हाईस्कूल कांडा, राप्राविं कोटड़ी, राजकीय कन्या हाईस्कूल कोटड़ी को सोमवार को भी बंद रखने की मांग की गई है। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि अभी जिला प्रशासन से सोमवार को प्रभावित क्षेत्र के विद्यालयों को बंद रखने के संबंध में कोई आदेश नहीं मिला है। आदेश मिलने पर स्कूलों को बंद रखा जाएगा।

# राफ्टिंग के लिए ऋषिकेश पहुंच रहे पर्यटक

ऋषिकेश। पारा जैसे-जैसे उछाल मार रहा है, वैसे-वैसे रिवर राफ्टिंग के लिए पर्यटकों की आमद बढ़ती जा रही है। गंगा के कौड़ियाला-मुनिकीरेती इको टूरिज्म जोन में पूरे दिन रंग-विरंगी राफ्ट नजर आ रही हैं। इस माह अब तक 45 हजार से अधिक पर्यटक राफ्टिंग का लुत्फ उठा चुके हैं, जबकि मार्च में 51,568 पर्यटकों ने राफ्टिंग की थी। इस सत्र में आठ माह (सितंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक) में एक लाख 94 हजार 246 पर्यटक राफ्टिंग के लिए ऋषिकेश पहुंच चुके हैं। हालांकि, वर्षा और गंगा का जलस्तर बढ़ा होने के कारण राफ्टिंग कुछ विलंब से शुरू हो पाई थी। इसके बाद दिसंबर और जनवरी में ठंड बढ़ने के कारण पर्यटकों ने राफ्टिंग के प्रति ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। फरवरी के बाद राफ्टिंग के प्रति पर्यटकों का रुझान बढ़ा, जो जारी है। प्रत्येक सप्ताहंत पर बड़ी संख्या में पर्यटक राफ्टिंग के लिए पहुंच रहे हैं। ब्रह्मपुरी क्लब हाउस से ऋषिकेश: पहली बार राफ्टिंग करने वालों के लिए यह अच्छा प्वाइंट है। ब्रह्मपुरी क्लब हाउस से ऋषिकेश एनआइएम के बीच की दूरी लगभग नौ किमी है। देवप्रयाग से ऋषिकेश: 75 किमी की इस राफ्टिंग को पूरा करने में दो दिन लगते हैं। पहले दिन बीज घाट से 35 किमी की राफ्टिंग पूरी कर पर्यटक नाइट स्टे के लिए कौड़ियाला पहुंचते हैं। दूसरे दिन कौड़ियाला से ऋषिकेश पहुंचने के साथ राफ्टिंग पूरी होती है। मरीन ड्राइव से ऋषिकेश: 27 किमी की यह दूरी तय करने में दो घंटे लगते हैं। इस दौरान गंगा नदी में क्लिफ जंपिंग और रोलर कोस्टर जैसे रैपिड का आनंद ले सकते हैं। शिवपुरी से ऋषिकेश: इस राफ्टिंग की दूरी 18 किमी है और इसे पूरा करने में तीन घंटे लगते हैं।ऋषिकेश में रविवार को राफ्टिंग के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़े। पूरा दिन रंग-विरंगी राफ्टें गंगा में तैरती नजर आईं। पर्यटकों ने राफ्टिंग के दौरान बाडी सर्फिंग, क्लिफ जंप आदि गतिविधियों का भी लुत्फ उठाया। राफ्टिंग के वाहनों के कारण मुनिकीरेती, तपोवन और बदरीनाथ मार्ग पर जाम की स्थिति भी बनी रही। गंगा में रिवर राफ्टिंग के लिए पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस माह अब तक 45 हजार से अधिक पर्यटक राफ्टिंग का लुत्फ उठा चुके हैं। इसका बड़ा कारण दोनों सप्ताहंत पर लगातार तीन दिन का अवकाश रहा। आने वाले दिनों में और अधिक पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है।

# धूमधाम से मना माउंट लिट्रा जी स्कूल का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा मार्ग स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल का वार्षिकोत्सव गत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने कई आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजमल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डा. एचएस धामी व रीजनल स्कूल डायरेक्टर जी लर्न नॉर्थ रीजन डा. भूषण कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिन्हें देखकर उपस्थित सभी अतिथि मंत्रमुग्ध हो गये।

# गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना सबका नैतिक दायित्व

ऋषिकेश। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को परमार्थ निकेतन में आयोजित गंगा समग्र अविरल गंगा-निर्मल गंगा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि अविरल गंगा-निर्मल गंगा अभियान के तहत गंगा को स्वच्छ रखने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना सबका नैतिक दायित्व है। केंद्र व राज्य सरकार इस



दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रथम चरण के तहत गंगा में मिलने वाले 132 गंदे नालों के पानी को एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ किया गया है, दूसरे चरण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर विधायक रेनू बिष्ट, स्वामी चिदानंद जी महाराज, रामाशीष राय सहित स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध तरीके से वाहन चलाने वालों की कैमरे से होगी निगरानी

देहरादून। प्रदेश में इस वर्ष पर्यटन सीजन के दौरान चारधाम यात्रा और प्रदेश के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों के वाहनों पर सीमा में प्रवेश करते ही नजर रखी जाएगी। इस बार विभाग के पास आंकड़ा होगा कि ये वाहन कितने दिन प्रदेश के भीतर रहे और कब प्रदेश की सीमा से बाहर गए। इससे दूसरे राज्यों से अवैध संचालन के लिए आने वाले वाहनों को भी चिह्नित किया जा सकेगा। प्रदेश में इस वर्ष 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा में आने के लिए यात्रियों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इतना ही नहीं, जितने भी व्यावसायिक वाहन यात्रा पर आएंगे, उन्हें ग्रीन कार्ड भी अनिवार्य रूप से लेना होगा। बिना ग्रीन कार्ड के वे यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा की अवधि में कितने निजी व व्यावसायिक वाहन दूसरे राज्यों से आते हैं, इस बार इन पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए प्रदेश के 10 प्रवेशद्वार पर आटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे (एनएपीआर) लगाए जा रहे हैं। इनमें से कुछ लग चुके हैं और इनका परीक्षण चल रही है। इनकी फीड भी मुख्यालय को प्राप्त हो रही है। इन 10 स्थानों पर डबल लेन वाली सड़कों पर चार और सिंगल लेन सड़क पर दो कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट को स्कैन कर यह जानकारी देंगे कि इस नंबर के वाहन का टैक्स जमा है या नहीं। इससे बिना टैक्स जमा किए आने वाले वाहन की पहचान हो सकेगी और इन्हें आसानी से पकड़ा जा सकेगा। ये कैमरें देहरादून के कुल्हाल व मोहंड, हरिद्वार के भगवानपुर, नारसन, चिडियापुर, कोटद्वार के कौडिया, धर्मपुर (अफजलगढ़) और ऊधमसिंह नगर में काशीपुर, रुद्रपुर व पुलभट्टा-बरेली मार्ग पर लगाए जाएंगे। संयुक्त आयुक्त परिवहन एसके सिंह का कहना है कि कैमरे लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। चारधाम यात्रा व पर्यटन सीजन तक ये कैमरे क्रियाशील हो जाएंगे।

# प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बदली एनओसी देने की प्रक्रिया

देहरादून। अब उद्यमियों को पीसीबी से एनओसी लेने के लिए इंतजार नहीं करना होगा। एनओसी देने की प्रक्रिया में पीसीबी ने बदलाव कर दिया है। अब तक साल में एक बार मिलने वाली एनओसी दो बार मिला करेगी। अब तक साल में सिर्फ मार्च तक की एनओसी मिला करती थी, लेकिन अब यह सितंबर तक भी मिल सकेगी। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी और उद्यमियों की सुविधा के लिए यह कदम उठाया है। ज्यादातर फैक्टरियों को चलाने के लिए पीसीबी से एनओसी लेने की जरूरत होती है। एनओसी देने के लिए पीसीबी ने उद्योगों को तीन किस्म रेड, ऑरेंज और ग्रीन में बांटा है। रेड किस्म के उद्योगों को पांच साल, ऑरेंज किस्म के उद्योगों को दस और ग्रीन किस्म के उद्योगों को 15 साल के लिए उद्योग चलाने के लिए उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से एनओसी दी जाती है। विशेष परिस्थितियों में पीसीबी सिर्फ एक साल के लिए भी एनओसी दे सकता है। अब तक यह एनओसी सिर्फ मार्च तक ही वैध होती थी। इसके चलते फैक्टरी संचालक एक साथ एनओसी के लिए अप्रैल में आवेदन करते थे। लेकिन अब इसके लिए सितंबर तक भी आवेदन कर सकते हैं।

# शिशु सदन केदारपुरम के बच्चों को कराया भोजन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में शिशु सदन केदारपुरम के बच्चों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों का परिचय भी प्राप्त किया और उन्हें भोजन करवाया। बच्चों के लिए खेल एवं



मनोरंजन की गतिविधियां भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को जीवन में हमेशा परिश्रम करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की जिस समय जो कार्य करें, उसे पूरे मनोयोग से करें। भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस पर निरंतर आगे बढ़ते रहें। जो मेहनत करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है।

# मारपीट कर डेयरी कर्मी की हत्या से सनसनी

देहरादून। पटेलनगर स्थित मुस्लिम बस्ती में डेयरी में काम करने वाले एक व्यक्ति की उसके साथ ही काम करने वाले साथी ने हत्या कर दी। पुलिस को गुमराह करने के लिए डेयरी मालिक राशिद ने पहले तो इसे सड़क हादसा बताया। पूछताछ में पता चला कि मामला हत्या का है। पुलिस ने आरोपित डेयरी मालिक राशिद और हत्यारोपी सुरेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सुरेश को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि अफजाल निवासी ग्राम बादशाहपुर थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर और सुरेश निवासी नन्हेड़ा सहारनपुर कारगी चौक स्थित मुस्लिम बस्ती राशिद डेयरी में काम करते थे। दोनों डेयरी के ऊपर बने कमरे में रहते थे। शनिवार रात दोनों ने बैठकर पहले तो काफी शराब पी उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है कि सुरेश ने अफजाल के सिर, मुंह और पैर पर लकड़ी के फट्टे से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। पूछताछ में पता चला कि आरोपित सारी रात उसी कमरे में शव के साथ रहा।





# ट्रेक्टर ट्राली पलटने से तीन मजदूर घायल

चंपावत। डामरीकरण का कार्य समाप्त कर बाराकोट क्षेत्र से चंपावत की ओर जा रहे ट्रैक्टर की ट्राली सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में ट्रेक्टर ट्राली सड़क पर ही पलट गई। हादसे में तीन मजदुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना रविवार को लोहाघाट के देवरारी बैंड के पास की बताई जा रही है। सामने से तेज रफ्तार की कार आ रही थी। जिसे बचाने के लिए ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर बीच सड़क में पलट गई। ट्राली पलटने से उसमें सवार तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक मजदूर मामूली रूप से चोटिल है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट लाया गया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों का उपचार कर रही डॉ प्रिया नगरकोटी ने बताया की तीनों घायलों के सर व हाथ पैरों में काफी गंभीर चोट हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चंपावत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। गंभीर घायलों में रोहित, सहारनपुर,अर्जुन, सहारनपुर और इसरार, सहारनपुर के निवासी हैं। इसके साथ ही चौथा मजदूर संदीप भी सहारनपुर का रहने वाला है।

# हल्दी और तेल के नमूने फेल, 45 हजार जुर्माना

रुद्रपुर। हल्दी और तेल के नमूने फेल होने पर 45 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जिला खाद्य संरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडेय ने बताया कि 21 फरवरी 2022 को मैसर्स अन्नपूर्णा फूड, शिमला पिस्तौर से हल्दी और सरसों के तेल का खुला नमूना लिया गया था। जांच में दोनों नमूने अधोमानक पाए गए। जिस पर हल्दी का नमूना फेल होने पर 20 हजार व सरसों के तेल का नमूना फेल होने पर दुकान स्वामी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा शनिवार को खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अभियान चलाया गया। आवास विकाय रुद्रपुर के रायल मार्ट से धनिया पाउडर व क्रीम का नमूना लिया गया। इसके अलावा जीमार्ट से दूध व दाल मखनी मसाला, काशीपुर के पतंजली स्टोर से धनिया पाउडर और रिलायंस रिटेल स्टोर से शिकंजी मसाले का नमूना लिया गया है। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह, आशा आर्य, पवन कुमार आदि थे।

# प्रदेश में 82 कोरोना संक्रमित मिले

देहरादून। प्रदेश में रविवार को 82 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें देहरादून जिले में सबसे अधिक 51 लोग संक्रमित पाए गए। लगातार संक्रमित मामले सामने आने से सक्रिय मरीजों की संख्या 294 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में 327 सैंपलों की जांच की गई। इसमें 82 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। देहरादून जिले में 51, नैनीताल में 10, पौड़ी में 5, चमोली, हरिद्वार, टिहरी जिले में चार-चार, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, टिहरी जिले में एक-एक संक्रमित मिला है। वहीं, इस दौरान 78 संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Soniya Madan (पुराना नाम ) से बदलकर Soniya Madaan (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे Soniya Madaan पत्नी Shri Rakesh Madaan के नाम से जाना पहचाना जाए।

सोनिया मदान पत्नी राकेश मदान
निवासी ए- 418 आवास विकास,
किच्छा (उधम सिंह नगर)

## पेज एक का शेष...

**बठिंडा मिलिट्री स्टेशन....** लिया। गौरतलब है कि फायरिंग और हत्या के मामले में बठिंडा छावनी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बठिंडा मिलिट्री स्टेशन देश के सबसे बड़े आर्मी बेस में से एक है और इसमें फोर्स की बड़ी संख्या में ऑपरेशनल यूनिट्स हैं।

**बिना रेडियम ..**होती है। साथ ही ट्रॉलियों पर भी यातायात पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे इन वाहन चालकों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार जरूर ट्रैक्टर की ट्रालियों पर रेडियम लगाने का काम शुरू हुआ था, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद यह अभियान फिर ठंडा हो गया है। शहर की कृषि उपज मंडी व अन्य कार्यों के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली नगर में आती हैं। ट्रॉलियों के पीछे संकेतक के लिए रेडियम व रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण दिखाई नहीं पड़ती हैं। जबकि सामान से भरकर ले जाने वाली ट्रॉलियों में हादसे का डर अधिक रहता है। इसी तरह शहर तथा हाईवे मार्गों पर ट्रक व अन्य वाहन बिना ब्रेक लाइट जलाए ढाबों व मुख्य मार्ग पर खड़े कर दिए जाते हैं। इस कारण दो पहिया वाहन चालकों को इसकी जानकारी नहीं लग पाती है। जो हादसों का कारण बन जाते हैं। इधर पुलिस टैक्टर ट्राली पर बिना रेडियम रिफ्लेक्टर दौड़ रहे चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। कई बार बाइक चालक हादसे का शिकार हो गए हैं। बाइक चालक मौत की नींद सो गए हैं। यातायात पुलिस कुंभ कर्ण की नींद सो रहीं हैं। यातायात पुलिस की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई है। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर ट्रैक्टर ट्राली का हो रहा है दुरूपयोग। नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से बिना परमिट और फिटनेस के ही दौड़ रही है टैक्टर ट्रालियां ट्रैक्टर एवं ट्राली को खेती-बाड़ी व सिंचाई के लिए सब्सिडी पर किसान खरीदता है। उसका अधिकतर दुरुपयोग हो रहा है। गैर कानूनी रूप से टैक्टर ट्राली का सीमेंट, सरिया, रेता, बजरी, मिट्टी, ईट, ढोने में इसका प्रयोग हो रहा है। अक्सर चौराहे व बाजारों में सुबह से देर रात के समय काफी तादाद में टैक्टर ट्रालियों में भवन निर्माण के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं को ढोकर इधर उधर दौड़ते नजर आते हैं।जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। यातायात पुलिस के प्रति लोगों में भारी आक्रोश है।

**कांता रानी सुखीजा के ...** व्यक्त किया है रविवार को गदरपुर से उत्तरांचल दर्पण के स्थानीय संवाददाता मुकेश पाल के कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें गदरपुर के दर्जनभर पत्रकार मौजूद रहे मुकेश पाल ने बताया कि किसी करीबी के निधन का दुख असहनीय होता है लेकिन भगवान की मर्जी के बिना कुछ भी संभव नहीं है और भगवान को यही मंजूर था वही पत्रकार उमर अली ने उनके निधन पर दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान शोक सभा में मौजूद पत्रकार मुकेश पाल,उमर अली, रिजवान अख्तर, गौरव बत्रा, राकेश अरोरा, देवेंद्र चौधरी, इंदर पूनिया, सुरजीत बत्रा, सागर गाबा आदि मौजूद रहे।

**सत्संग का टैंट हटवाने...**की गई। दोनों ओर से तर्क वितर्क के बाद इस बात पर सहमति बनी कि शाम को धार्मिक आयोजन के दौरान शामियाना लगाया जा सकेगा। इससे पूर्व एवं बाद में यातायात बाधित नहीं किया जायेगा। इस मौके पर रमेश कालड़ा, राजरानी कालड़ा, राहुल कालड़ा, राकेश कालड़ा, जगदीश कालड़ा, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, जगदीश तनेजा, सौरव राज बेहड़, गौरव बेहड़, राजीव कामरा,आशीष छाबड़ा, सुनील कालड़ा, गगन दुनेजा, सत्यम अरोरा, संजीव छाबड़ा, समप्रीत ग्रोवर, गौरव खुराना, बंटी अरोरा,दीपक कालड़ा, मनोज छावड़ा, चन्द्रप्रकाश शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

**विधायक के साथ डीएम ..**आजीविका चलाने के लिये संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इनके रोजगार खत्म होने से इन व्यापारियों पर आश्रित उनके परिवार के भरण पोषण व उनसे जुड़े कर्मचारियों की स्थिति भी चिन्ताजनक है। विधायक अरोरा ने जिला अधिकारी से वार्ता करते हुए कहा इनके पुनर्वास हेतु जल्द ही जमीन चिन्हीकरण हेतु कार्यवाही आगे बढ़ाई जाये, जिससे आगे जाकर इनका जीवन फिर से पटरी पर आ सके। वही जिला अधिकारी युगल किशोर पंत ने मामले पर कहा कि अगले तीन दिन में व्यापारियों की 11 सदस्यों कमेटी के साथ प्रशासन के तीन सदस्य जिसमे एसडीएम रुद्रपुर, प्राधिकरण सचिव व उपयुक्त नगर निगम यानी कुल 14 सदस्य जिसमें 11 व्यापारी और तीन प्रशासन के सदस्य अगले तीन दिन में बैठक करेंगे। उस बैठक में व्यापारियों द्वारा जमीन चिन्हीकरण के प्रस्तावों को तीन सदस्यों प्रशासन के सदस्यों द्वारा लिया जाएगा और उन प्रस्तावों पर विचार कर अंत मे जिला अधिकारी को सौपा जायेगा। जिला अधिकारी ने कहा कि जैसे ही प्रस्ताव प्राप्त होंगे कार्यवाही को आगे बढ़ाया जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह व्यापारी तीन पीढ़ी से कार्य कर रहे है इनके पुनर्वास के लिये निष्कर्ष निकलना चहिये। इस दौरान आशु ग्रोवर, सुरेंद्र ग्रोवर, इंद्रजीत सिंह, मनोज मदान, बलदेव , नवीन जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**हादसे में दो...**एक युवक लवप्रीत सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए हेयर सेंटर सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने बाइक व ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। इधर पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। इधर सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है। मृतक मंदीप अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक मंदीप के पिता मलकीत सिंह पूर्व में निधन हो चुका है।

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री...**राणा समाज के सिंगर ने संगीत के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया, इस मौके पर चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना, हरीश जोशी, नीलांबर जोशी, राजीव अग्रवाल, बलदेव सिंह हरियान, उमेश अग्रवाल, जगदीश जोशी,राम सिंह बिष्ट, धर्म सिंह विष्ट, हीरा चंद दयाशंकर शर्मा आदि गणमान्य मौजूद थे।

**भारी बारिश और...**कई क्षेत्रों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही धूल भरी आंधी आ सकती है। जारी सूचना में कहा गया है कि बुधवार 19 अप्रैल को प्रदेश में कहीं-कहीं भारी से भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही ओलावृष्टि की भी संभावना है। इस हेतु आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 20 अप्रैलको कई जगह तीव्र अंधड़ और धूल भरी आंधी के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना है। हवाएं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें व ओलावृष्टि हो सकती है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रीतम ने साधी चुप्पी, बिष्ट बोले प्रभारी भी बदलो!

## राष्ट्रीय पर्यवेक्षक पीएल पुनिया ने कांग्रेस के विधायकों सहित जिला और महानगर अध्यक्षों से के साथ की गोपनीय बैठक,हाईकमान को सौंपेंगे रिपोर्ट

देहरादून(उद ब्यूरो)। कांग्रेस भवन में बंद कमरे में केंद्रीय पर्यवेक्षक पीएल पुलिया ने नेताओं को अनुशासन की घुट्टी पिलाई, लेकिन बाहर इसका असर देखने को नहीं मिला। विधायक मदन बिष्ट ने तो बकायदा मीडिया के सामने बयान देकर फिर से प्रदेश प्रभारी को हटाने की मांग दोहरा दी। वहीं प्रीतम इस मामले में कुछ भी खुलकर बोलने से बचते नजर आए। पर्यवेक्षक से बातचीत के बाद प्रीतम से मीडिया ने प्रभारी के संबंध में सवाल पूछे तो उन्होंने चुप्पी साध ली। जबकि इससे पहले वह खुलकर प्रभारी देवेंद्र यादव की खिलाफत करते रहे हैं। इस दौरान प्रीतम और तमाम विधायक कांग्रेस भवन के पास स्थित पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के मकान में जुटे रहे। विधायक मदन बिष्ट ने कहा कि भाजपा चुनाव में माइक्रो मैनेजमेंट के साथ काम करती है, जबकि संगठन स्तर पर हमारी तैयारियां कहीं नहीं दिखाई देती हैं, उनका संगठन चुनाव लड़ाता है, जबकि कांग्रेस में प्रत्याशी खुद चुनाव लड़ रहा होता है। उन्होंने कहा वह फिर से मांग करते हैं कि प्रभारी को बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता को लेकर रणनीति तय करने के साथ ही नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव मेंकरारी हार के बावजूद गुटबाजी और प्रदेश संगठन में हुए बदलाव को लेकर तरह तरह की चर्चाओं और पार्टी नेताओं में आपसी आरोप प्रत्यारोपों के बीच प्रदेश कांग्रेस में अंतर्कलह को दूर करने के लिए पर्यवेक्षक बनकर आए एआईसीसी के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया ने बंद कमरे में एक-एक कर पहले जिला और महानगर अध्यक्षों से बात की, उसके बाद विधायकों को भी वन-टू-वन टटोला। इस दौरान पुनिया ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। रविवार को राष्ट्रीय पर्यवेक्षक पीएल पुनिया के प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सहित तमाम नेताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव भी उनके साथ थे, लेकिन कुछ समय बाद वह चले गए। बिना समय गंवाए पुनिया कार्यालय के एक कमरे में गए और एक-एक कर जिला, महानगर अध्यक्ष को भीतर बुलाया गया। इससे पहले चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने उन्होंने देर तक बातचीत की। बंद कमरे में क्या बातचीत हुई, इसका खुलासा नहीं किया गया, लेकिन बताया जा रहा है



प्रीतम ने प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षक से खुलकर अपनी बात रखी है। हालांकि इस संबंध में बाहर आकर प्रीतम मीडिया में बयान देने से बचते नजर आए। इस दौरान पुनिया ने नेताओं की बात सुनने के अलावा निकट भविष्य में होने वाले निकाय चुनाव और आम चुनाव के मद्देनजर भी पार्टी और संगठन स्तर पर की जा रही तैयारियों के बाबत फीडबैक लिया। इसके साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। बताया जा रहा है कि पुनिया अपने तीन दिवसीय दौरे की रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे। इसके बाद वहीं से संगठन और पार्टी स्तर पर सभी के लिए संयुक्त दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं। इससे पूर्व पूर्व सीएम हरीश रावत सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने पुनिया से राजपुर रोड स्थित एक होटल में मुलाकात की। इस दौरान हरीश रावत ने कहा कि केंद्रीय पर्यवेक्षक का उत्तराखंड दौरा आगामी चुनावों के मद्देनजर बहुत ही महत्वपूर्ण है। उम्मीद है इससे कुछ न कुछ जरूर अच्छा निकलेगा। उन्होंने कहा कि पुनिया ने सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों से कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने एवं सधे हुए अनुशासित रवैये की अपेक्षा की है। बैठक में प्रीतम सिंह, भुवन कांपड़ी, विक्रम नेगी, हरीश धामी, राजेंद्र भंडारी, ममता राकेश, मनोज तिवारी, गोपाल सिंह राणा, विरेंद्र जाति, अनुपमा रावत, फुरकान अहमद, सुमित हृदयेश, मदन बिष्ट, रवि बहादुर, आदेश चौहान, खुशाल सिंह अधिकारी शामिल हुए जबकि तिलक राज बेहड़ स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाए। वहीं जिलाध्यक्षों में भूपेंद्र सिंह भोज, भगत सिंह डसीला, पूरन कठायत, मुकेश नेगी, लक्ष्मी अग्रवाल, जसविंदर सिंह गोगी, मोहित उनियाल, सतपाल ब्रहमचारी, अमन गर्ग, राजीव चौधरी, विरेंद्र जाति, राजेंद्र चौधरी, राहुल छिमवाल, गोविंद सिंह बिष्ट, विनोद सिंह नेगी, विनोद डबराल, अंजु लुंठी, मनोहर टोलिया, कुंवर सिंह सजवाण, राकेश राणा, उत्तम सिंह असवाल, मुशर्रफ हुसैन, सीपी शर्मा, हिमांशु गाबा, मनीष राणा, दिनेश चौहान। रानीखेत जिलाध्यक्ष बैठक में शामिल नहीं हुए।

# हर गांव में अधिक से अधिक पॉलीहाउस का निर्माण किया जाए

भीमताल। विकास भवन सभागार में आगामी जिला योजना 2023-24 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में जिला योजना हेतु प्राविधानिक धनराशि 6498.14 लाख की विभागवार आगामी वित्त वर्ष के प्रस्तावों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कृषि, उद्यान, पशुपालन, मौन पालन, मत्स्य पालन विभागों को प्रस्ताव इस प्रकार बनायें जो आमजनमानस के विकास से जुडे हों। उन्होंने कहा हर गांव में अधिक से अधिक पॉलीहाउस का निर्माण किया जाए साथ ही पालीहाउस में उपज को बढाने के लिए अच्छे बीज दिये जांए तथा कृषिकों को समय-समय पर इसकी ट्रेनिंग भी दी जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि पशुपालन के साथ ही डेयरी उद्योग को बढावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें, जिससे अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं से लाभान्वित कर रोजगार से जोडें। उन्होंने कहा पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन को बढावा देने के लिए अधिकारी स्थलीय भ्रमण कर किसानों को सरकार द्वारा जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य पालन को बढावा देने के लिए सर्वे कर अधिक से अधिक तालाबों का निर्माण करें ताकि पर्वतीय क्षेत्र के लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा अधिक से अधिक पोल्ट्री फार्म का निर्माण कर योजनाओं से लोगों को जोडा जाए। उन्होने कहा स्वयंसेवी संस्थाओं को इन योजनाओं से जोडकर लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा स्वरोजगार योजना में आत्मनिर्भर करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ के लिए कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा 3 लाख की धनराशि से कम के प्रस्ताव अनुमोदित नही किये जाएं। उन्होंने कहा नई योजनाओं के प्रस्ताव में अनुमोदन से पहले पूर्व की योजनाओं जिन पर कार्य गतिमान है व कार्य अभी तक पूर्ण नही किये गये है उन कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा टोकन मनी की योजनाओ के अन्तर्गत प्रस्ताव नही बनाये जाएं। श्री गर्ब्याल ने कहा योजना वही प्रस्तावित की जाए कि प्रस्तावित योजना के स्थल पर कोई विवाद नही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा योजनाओं का फीडबैक देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा जिला योजना के तहत कार्य पूर्ण हो जाने पर उस स्थान पर किस योजना से कार्य पूर्ण किया गया है का साईन बोर्ड लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा सभी विभागों की अभी तक जीआईएस मैपिंग नही हुई है सभी विभाग जीआईएस मैपिंग पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जिला योजना के अन्तर्गत जितने भी स्थाई एवं अस्थाई कार्यों हेतु हेतु अनुश्रवण समिति का गठन किया जायेगा। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 मुकेश सिंह नेगी, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई एनएस बिष्ट, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, एडीएसटीओ कमल मेहरा के साथ ही जनपद के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




# अमन कमेटी की बैठक आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में थाना थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु और विशेष समुदाय के लोगों के साथ अगामी त्यौहार ईद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एक बैठक की जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ गले मिलकर मनाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखें वहीं थाना अध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि किसी भी घटना/अनहोनी की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और सद्भावना आपसी भाईचारे के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने की



अपील की बैठक में सभी प्रतिनिधि और समुदाय के लोगों ने कहा कि हम लंबे समय से साथ रह रहे हैं पर्व त्यौहार भी साथ में मनाते रहे हैं मतभेदों को साथ बैठकर सुलझाएंगे जाएंगे और ईद का त्यौहार बड़ी शांति के साथ मनाएंगे इस दौरान पुलिस विभाग से खुफिया विभाग से मोहम्मद रिजवान खान, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक महेश चंद्र, उपनिरीक्षक चंद्र सिंह इस दौरान वही मौजूद पूर्व सभासद मोहम्मद आलम, प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी, प्रधान प्रतिनिधि मो सफीक उर्फ भूरा, अहमद अली तिवारी, सलीम बाबा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# ट्रक और बाइक की भिड़ंत में तीन युवक घायल

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाईपास पर ट्रक और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मौके से ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक बाजपुर की ओर से आ रहा ट्रक संख्या यूपी 16जीटी-3829 बाईपास से दिनेशपुर अंडरपास की ओर मुड़ रहा था तभी पीछे से आ रही बाइक संख्या यूके 18जे 1704 ट्रक से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार 18 वर्षीय सनी पुत्र राम चंद्र , 16 वर्षीय अमित पुत्र कुंवर पाल और 16 वर्षीय मिंटू पुत्र दया राम निवासी ग्राम चकरपुर बाजपुर घायल हो गये। घायल अमित को स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर जबकि सनी और मिंटू को जिला अस्पताल रूद्रपुर ले जाया गया। सूचना पहुंची पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को मय वाहन हिरासत में ले लिया।

# ब्राह्मण महासभा ने धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जयंती का आयोजन मनकामेश्वर मंदिर प्रांगण में किया। कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता सीईओ औरंगाबाद इलेक्ट्रिकल्स पंडित अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ-साथ स्वामीनारायण चैतन्य महाराज, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा , रविंद्र शर्मा ,संजीव शर्मा, नितिन कौशिक व राहुल भारद्वाज ने सामूहिक रूप से भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजन व दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज के उत्थान के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भगवान परशुराम शास्त्र और सस्त्र दोनों के ज्ञाता थे। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास ,अश्वत्थामा, राजा बलि हनुमान, आदि 8 अमर किरदारों में होती थी समाज की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द से जल्द रखा जाएगा, कोशिश की जाएगी मांगों को पूरा किया जाए। कार्यक्रम में मेयर रामपाल ने ट्रांजिट कैम्प पर परशुराम चौक का निर्माण की घोषणा की और कहा कि ब्राह्मण भगवान परशुराम के वंशज हैं ब्राह्मण हमेशा से पूजनीय रहा है तथा ब्राह्मण समाज की प्रमुख मांगों पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंडित भैरव शर्मा ने भी अपने विचारों में ब्राह्मण हित में कार्य करने की बात कही गई। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह प्रतियोगिता मूलत: सनातन संस्कृति पर आधारित थी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा नगर में ख्याति प्राप्त समाज के व्यक्तियों को व प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान भी किया गया। साथ ही साथ नगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा व संजीव शर्मा के द्वारा एक मांग पत्र अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा को सामूहिक रूप से दिया गया। जिसमें मांग की गई के परशुराम जयंती पर अवकाश घोषित हो । डॉ राहुल भारद्वाज व नितिन कौशिक ने कहा कि ब्राह्मण समाज के गरीब बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था व छात्रावास की व्यवस्था उत्तराखंड सरकार द्वारा की जाए, साथ ही साथ भगवान परशुराम की जीवनी को बच्चों की पढ़ने वाली किताबों में स्थान दिया जाए । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राहुल भारद्वाज के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में नागेश त्रिपाठी, ,हिमांशु शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, के जी अवस्थी, मोहन तिवारी, शुभाषिणी द्विवेदी, पुनीत तिवारी, अनिल शर्मा, अंजू शर्मा, रुचि शर्मा, बी डी शर्मा, अजय राज शर्मा ,कपिल शर्मा आदि मौजूद थे।

